**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**06.05.2025/प्रादेशिक समाचार/09:20बजे**

## कैबिनेट

प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक आज दूसरे दिन भी मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में शिमला में आयोजित की जा रही है। बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए जाएंगे। मंत्रिमंडल ने कल वन विभाग के वाईल्ड लाईफ विंग को शिमला से धर्मशाला स्थानांतरित करने को मंजूरी दे दी है। इस दौरान राज्य के सभी रैवेन्यू कोर्ट को ऑनलाईन करने को भी मंजूरी दी गई। इससे लोग घर बैठे ही अपने मुकद्दमे की जानकारी ले सकेंगे। संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए कहा कि मंत्रिमंडल ने अनुबंध पर भर्तियों को खत्म कर अब 2 साल के लिए ट्रेनी के तौर पर नियुक्तियां देने का भी निर्णय लिया है। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे शिमला जिला संवाददाता——

## गृह मंत्रालय—नागरिक सुरक्षा

गृह मंत्रालय ने राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों से सुरक्षा तैयारियों के मूल्यांकन के लिए कल 7 मई को मॉक ड्रिल करवाने को कहा है। देश के 2 सौ 44 वर्गीकृत जिलों में ग्राम स्तर तक यह सुरक्षा अभ्यास कराने का फैसला लिया गया है। केन्द्रीय गृह सचिव गोविन्द मोहन आज राज्यों के मुख्य सचिवों के साथ इस बारे में वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक करेंगे। सुरक्षा अभ्यास का मुख्य उद्देश्य विभिन्न नागरिक सुरक्षा उपायों की संचालनगत प्रभावकारिता और समन्वय क्षमता का आकलन और परीक्षण करना है।

## बटालियन —मांग

पहलगाम में हुई आतंकी हमले के बाद जम्मू के साथ लगते चम्बा बॉर्डर पर बटालियन स्थापित करने की मांग एक बार फिर उठने लगी है। विधायक हंस राज ने कहा कि भाजपा ने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया है। उन्होंने कहा कि खुफ़िया एजेंसीयों कि ये रिपोर्ट है कि जो पहलगाम में आतंकी घटना हुई है तो ऐसे में आतंकी चंबा के साथ लगते जम्मू बॉर्डर की तरफ पलायन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि बॉर्डर पर एस पी ओ की तैनाती की गई है लेकिन यहां स्थाई बटालियन होना बहुत जरुरी है। इस मांग को उन्होंने केंद्र सरकार के समक्ष भी उठाया है और उन्हें उम्मीद है कि इस दिशा में जल्द कोई आवश्यक कारवाई होगी।

वहीं इस मामले पर लोकसभा सांसद राजीव भारद्वाज ने कहा कि ये बहुत गंभीर मामला है और इस बारे में केंद्रीय गृह मंत्री से बात की जाएगी। उन्होंने स्थानीय विधायकों से भी प्रदेश सरकार से इस विषय में बात करने का आग्रह किया।

## मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज बादल छाए हुए हैं। राज्य में पिछले कुछ दिनों के दौरान कई स्थानों पर हुई ओलावृष्टि, आंधी और अंधड़ से कृषि और बागवानी को व्यापक नुकसान हुआ है और इससे प्रदेश भर में अधिकतर तापमान में सात डिग्री तक गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विज्ञान केंद्र ने अगले तीन दिन तक प्रदेश के कई ज़िलों में अंधड़, आसमानी बिजली गिरने, ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। विभाग ने इस दौरान किन्नौर ज़िले को छोड़कर अन्य सभी ज़िलों में भी अंधड़, ओलावृष्टि और आंधी चलने का यलो अलर्ट जारी किया है।

## अब सुर्खियां समाचार पत्रों से

आज सभी समाचार पत्रों ने मंत्रिमंडल की बैठक से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है।

**अमर उजाला, पंजाब केसरी और दैनिक जागरण की एक जैसी सुर्खी है** अब नहीं होगी अनुबंध भर्ती, दो साल रहेगा ट्रेनी पीरियड। **दिव्य हिमाचल के शब्द है** वाइल्ड लाइफ विंग शिमला से धर्मशाला ट्रांसफर और **दैनिक सेवरा टाइम्स** के अनुसार– बेरोजगार युवाओं को 3 सौ 50 टेंपों ट्रेवलर रूट मिलेंगे। हिमाचल दस्तक की सुर्खी है प्रदेश में नई भर्ती नीति के लिए कैबिनेट सब कमेटी गठित।